आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 16.11.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर उपराज्यपाल ने लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में मीडिया की जवाबदेही और पारदर्शिता पर ज़ोर दिया।
- भारत मंडपम् में चवालीसवां भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला शुरू। उपराज्यपाल ने अंडमान निकोबार पवेलियन का शुभारंभ किया।
- पर्यावरण और साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माउन्ट मणिपुर पर द्वीप ट्रैकिंग महोत्वस का आयोजन किया गया।
- अंडमान निकोबार पुलिस और कमांड के संयुक्त अभियान के चलते तिलंगचोंग द्वीप से छह विदेशी शिकारी गिरफ्तार।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के उपराज्यपाल ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर मीडिया जगत के सदस्यों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा है कि यह दिन भारतीय प्रेस परिषद की स्थापना का भी प्रतीक है, जिसने यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है कि प्रेस ईमानदारी, जवाबदेही और जिम्मेदारी के साथ काम करे। जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए, मीडिया पेशेवरों को तथ्य–जांच तंत्र को मजबूत करना चाहिए, पारदर्शिता को बढ़ावा देना चाहिए और नैतिक पत्रकारिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग रहना चाहिए। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में, मीडिया जनता तक तथ्यात्मक और विश्वसनीय जानकारी पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हाल के वर्षों में, मीडिया परिदृश्य में व्यापक परिवर्तन हुए हैं। सोशल मीडिया, ब्लॉग और पॉडकास्ट सहित डिजिटल प्लेटफॉर्म के उदय ने पारंपरिक भौगोलिक बाधाओं को तोड़ते हुए समाचारों की पहुँच का विस्तार किया है।

<><><><><><><>

चवालीसवां भारत अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आरंभ हुआ। 14 से 27 नवम्बर तक चलने वाले इस मेले की थीम 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' है।

पवेलियन का उद्घाटन उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी ने पर्यटन आयुक्त–सह–सचिव चंचल यादव, की उपस्थिति में किया। इमर्सिव रियलिटी जोन आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण बना, जिसमें वर्चुअल सिमुलेशन के माध्यम से द्वीपों के समुद्री जीवन, स्कूबा डाइविंग अनुभव और पर्यटन स्थलों का रोमांचक वर्चुअल भ्रमण कराया गया। द्वीप सुगंध स्टॉल ने कृषि विभाग द्वारा प्रदर्शित जीआई–टैग्ड और ऑर्गेनिक उत्पादों के कारण ध्यान आकर्षित किया। उद्योग विभाग ने उत्कृष्ट पडौक वुडक्राफ्ट्स, जबकि मत्स्य व ग्रामीण विकास विभागों ने एसएचजी सदस्यों के उत्पादों की बिक्री के लिए अवसर प्रदान किए। आकाशवाणी समाचार के साथ बातचीत में दिल्ली से पर्यटन आयुक्त–सह–सचिव चंचल यादव, ने इस आयोजन पर कहा –

<><><><><><><>

द्वीप समूह के उपराज्यपाल एवं आईडीए के उपाध्यक्ष एडमिरल डी.के. जोशी ने कल गुजरात के एकता नगर, केवड़िया में आयोजित भारत पर्व में भाग लिया। यह 15–दिवसीय आयोजन देश की विविधता को समर्पित है और लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की एक सौ पचासवीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाया गया। उपराज्यपाल ने भारत पर्व में लगे अंडमान–निकोबार पवेलियन का अवलोकन किया तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लिया। भारत पर्व 1 नवम्बर से शुरू होकर कल भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पचासवीं जयंती के साथ संपन्न हुआ।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा द्वारा जारी आदेश के अनुसार चाथम ब्रिज और आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों की संरचनात्मक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाहनों की आवाजाही पर नये दिशा–निर्देश लागू किए गए हैं। आदेश के तहत सभी श्रेणी के वाहनों को अब केवल न्यू व्हीकल फेरी जेट्टी, तक जाने की अनुमति होगी। इससे आगे की आवाजाही पर प्रतिबंध रहेगा। यह प्रतिबंध चाथम ब्रिज और उससे सटे ढाँचों पर अतिरिक्त भार को रोकने, संरचनात्मक स्थिरता सुनिश्चित करने तथा फेरी संचालन को सुरक्षित रूप से संचालित करने के उद्देश्य से लगाया गया है। प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों, प्रवर्तन एजेंसियों और परिवहन संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे नए यातायात प्रावधानों का सख्ती से पालन करें।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग, पर्यावरण एवं वन विभाग तथा एमवाई भारत के सहयोग से कल दक्षिण अंडमान के ऐतिहासिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर माउंट मणिपुर ट्रैकिंग फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य इको–एडवेंचर पर्यटन को बढ़ावा देना, स्थानीय युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करना और द्वीपों की प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहर के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा। ट्रेक को बैम्बूफ्लैट की जिला परिषद सदस्य वी.के. मरियम बीबी ने चुन्ना भट्टा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पी.के. संध्या प्रसाद, रेंज ऑफिसर, मणिपुर पर्वत राष्ट्रीय उद्यान ने प्रतिभागियों का स्वागत किया। ट्रेक के दौरान वनरक्षक राम विकास और फॉरेस्टर शेखर ने प्रतिभागियों को पक्षी अवलोकन के साथ–साथ वनस्पतियों और जीवों से परिचित कराया।

**<><><><><><><>**

जंजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में कल रांची एसोसिएशन, मोहनपुरा परिसर में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम में सांसद बिष्णु पद रे तथा मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार मुख्य अतिथि रहे। मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में बिरसा मुंडा के संघर्ष, आदिवासी अधिकारों पर उनके प्रभाव तथा उनकी प्रेरणादायक विरासत को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि रांची समुदाय ने अंडमान–निकोबार द्वीपों के विकास में सौ वर्ष से अधिक के योगदान से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**<><><><><><><>**

आई टी एफ ग्राउंड में चल रहे सरस मेले के दूसरे दिन भारी भीड़ देखी गई। दिन भर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मंच पर नृत्य और संगीत की श्रृंखला ने वातावरण को जीवंत बनाए रखा। कल की प्रमुख प्रस्तुतियों में नानकौरी के स्वयं सहायता समूह का जनजातीय नृत्य, निकोबारी समुदाय का पारंपरिक नृत्य–गीत, करेन समुदाय का आकर्षक नृत्य प्रदर्शन तथा कुरुंधम एनजीओ के मणिवसागर थापवन दल द्वारा प्रस्तुत भजन 'देवरम तिरुवासकम' शामिल रहे। मेलोडी ट्रूप और यूनिटी ऑर्केस्ट्रा की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का उत्साह और बढ़ाया। वहीं व्यापारिक स्टॉलों पर पूरे दिन खरीदारी का सिलसिला जारी रहा।

**<><><><><><><>**

अंडमान और निकोबार पुलिस ने निकोबार जिले के सुदूर तिलंगचोंग द्वीप समूह में अंडमान–निकोबार कमांड के साथ मिलकर ऑपरेशन कैसल बे संयुक्त शिकार विरोधी अभियान शुरू किया। यह अभियान एक विशिष्ट खुफिया जानकारी के बाद शुरू किया गया था जिसमें तिलंग चोंग के जंगलों में भागे विदेशी शिकारियों की मौजूदगी का संकेत मिला था। इस सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, एएनपी की टीमें सुदूर द्वीप क्षेत्र में पहुंचीं और पन्द्रह नवम्बर को गहन तलाशी अभियान के दौरान छह विदेशी शिकारियों को पकड़ लिया गया है।

**<><><><><><><>**